आ0सं0:-भवन-13/अभि0प्र0(नि0)-03-निलंबन/कालीकृत-50/2021.........दिनांक-

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

## सकारण आदेश

संवेदक, M/s C.S Construction,Gayatri Nagar, Motihari,Dist-East Champaran, Bihar-845401 द्वारा बेतिया जिलान्तर्गत महिला आई०टी०आई०, बेतिया (पश्चिम चंपारण) के अवशेष कार्य (पार्ट-बी०) के निविदा में गलत अनुभव प्रमाण पत्र अपलोड करने के कारण मुख्य अभियंता(उत्तर) के पत्रांक-814 दिनांक-08.06.2021 द्वारा संवेदक को दोषी मानते हुये इनपर बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली-2007 में निहित प्रावधानों के तहत कार्रवाई करने की अनुशंसा की गयी ।

मुख्य अभियंता (उत्तर) द्वारा की गयी अनुशंसा के आलोक में अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव की अध्यक्षता में कालीकरण/निलंबन संबंधी बैठक में इसपर विचार किया गया तथा इस संबंध में संवेदक से स्पष्टीकरण पूछा गया । जिसके क्रम में संवेदक द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया गया ।

अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, पटना की अध्यक्षता में आयोजित संवेदकों के निलंबन/कालीकरण संबंधी बैठक में इस मामले पर विचार किया गया । संवेदक द्वारा अपने स्पष्टीकरण में गलत अनुभव प्रमाण पत्र अपलोड करने की बात स्वीकार की गयी । तदोपरांत समिति द्वारा संवेदक के स्पष्टीकरण को अमान्य करते हुए इनके निबंधन को विभागीय आदेश संख्या-6162 दिनांक-25.10.2021 द्वारा तीन वर्षो के लिए निलंबित (अगली निविदा में भाग लेने से वंचित) किया गया ।

उक्त आदेश के विरूद्ध संवेदक द्वारा अधोहस्ताक्षरी के समक्ष एक अपील आवेदन समर्पित किया गया । अपील अभ्यावेदन के क्रम में दिनांक-30.01.2023 को सुनवाई हुई जिसमें संवेदक उपस्थित हुए । उनके द्वारा बताया गया कि कोविड महामारी के दौरान उनके कर्मचारी के द्वारा बिना उनकी जानकारी के गलत कागजात अपलोड कर दिया गया । दोषी कर्मचारी को उनके द्वारा हटा दिया गया ।

उक्त सुनवाई में संवेदक के अपील पर सम्यक् विचारोपरांत M/s C.S Construction, Gayatri Nagar, Motihari, Dist-East Champaran,Bihar-845401 के निबंधन सं०-1170058Class-1 (RWD) को तीन वर्षो के निलंबन के स्थान पर दो वर्षो के लिए निलंबन होगा ।

उक्त संवेदक के निलंबन की अवधि पूर्व के आदेश की निर्गत तिथि से लागू होगा।

ह0/-

(कुमार रवि)
सरकार के सचिव

ज्ञापांक-भवन-13/अभि0प्र0(नि0)-03-निलंबन/कालीकृत-50/2021 पटना,दिनांक-

स्पीडपोस्ट

प्रतिलिपि:-संवेदक, M/s C.S Construction,Gayatri Nagar, Motihari,Dist-East Champaran, Bihar-845401 के निबंधन सं०-1170058 Class-1(RWD) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/-

सरकार के सचिव

ज्ञापांक-भवन-13/अभि0प्र0(नि0)-03-निलंबन/कालीकृत-50/2021........पटना,दिनांक-

प्रतिलिपिः-प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव, भवन निर्माण विभाग,/अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव के आप्त सचिव, भवन निर्माण विभाग/पथ निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थय अभियंत्रण विभाग/नगर विकास विभाग/ऊर्जा विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/प्रबंध निदेशक बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना/मुख्य महाप्रबंधक(परियोजना), बिहार चिकित्सा सेवायें एवं आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, प्रथम तल, उद्योग भवन, पूर्वी गाँधी मैदान, पटना/सभी मुख्य अभियंता, भवन निर्माण विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग/मुख्य अभियंता योजना एवं विकास विभाग/मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/-

सरकार के सचिव

ज्ञापांक- भवन-13/अभि0प्र0(नि0)-03-निलंबन/कालीकृत-50/2021 987(अ) पटना,दिनांक- 06/02/2023

प्रतिलिपिः-आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

30/1/23

सरकार के सचिव



Sec-13 Prakash